RAF SECTOR
NEWS CLIP
22/04/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

I Next (Prayagraj,UP)

तीन हॉस्टल में छापा, एक वैध, दो पूरी तरह अवैध

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (21 April): इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉस्टल्स में डाली जा रही रेड के क्रम में रविवार को तीन हॉस्टल्स में बड़ी कार्रवाई की गई. भारी पुलिस बल के सहयोग से डाली गई रेड में पंत हॉस्टल और एसडी जैन में चौंकाने वाली बात सामने आई. इन दोनों हॉस्टल में एक भी कमरा ऐसा नहीं मिला, जहां कोई वैध छात्र रहते पाया गया हो. दोनों हॉस्टल के सभी कमरों में अवैध कब्जा पाया गया. इसके बाद पुलिस बल ने सभी कमरों से सामान को बाहर निकलवाया और विवि ने कमरा सील करके ताला जड़ दिया.

पंत हॉस्टल और एसडी जैन के सभी कमरों में मिला अवैध कब्जा

2024 कमरे, 474 में लगी सील

पंत हॉस्टल में सभी 79 कमरों में अवैध कब्जा मिला तो एसडी जैन के भी सभी 32 कमरे में अवैध कब्जे की जानकारी मिलने के बाद लिखा-पढ़ी दर्ज करके पुलिस को एफआईआर के लिए सूचना भेज दी गई. इसके अलावा इंटरनेशनल हॉस्टल में भी रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया गया. लेकिन एक भी कमरा अवैध नहीं मिला. यहां के सभी 72 कमरों में वैध कब्जा पाया गया. बता दें कि 17 अप्रैल से हाईकोर्ट के आदेश पर शुरु हुई कार्रवाई के दौरान कुल 15 हॉस्टल में अभियान चलाया गया. जिनके 2024 कमरों में 474 कमरों से अवैध कब्जे को हटाया गया है.

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT



बड़ी संख्या में तैनात रहे आरएएफ के जवान.

कार्रवाई अब तक

17 अप्रैल से हाईकोर्ट के आदेश पर शुरु हुई कार्रवाई

15 हॉस्टल मे पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया

2024 कमरो में 474 कमरों से अवैध कब्जे को हटाया गया

रविवार का एक्शन

79 कमरे हैं पंत हॉस्टल में, सभी में अवैध कब्जा पाया गया.

32 कमरे है एसडी जैन हॉस्टल मे, यहां भी सभी मे अवैध कब्जा मिला.

72 कमरे हैं इंटरनेशनल हॉस्टल में, यहां एक मे भी अवैध कब्जा नहीं मिला.

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)



सख्ती : कमरों में अवैध रूप से रह रहे छात्रों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावास ही नहीं, अब निजी लॉज भी आ गए हैं। रविवार को ममफोर्डगंज स्थित एक लॉज में चेकिंग करते पुलिस कर्मी ● मुकेश कनौजिया

Hindustan (Prayagraj,UP)



रविवार को जगराम चौराहे के पास स्थित अहमद लॉज में भी पुलिस ने चेकिंग की।

Hindustan (Prayagraj,UP)

अच्छे, अहमद और यादव लॉज में भी गहन चेकिंग

प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावासों में तलाशी के साथ ही रविवार को पुलिस ने प्राइवेट लॉजों में भी छापेमारी की। छात्रों के कमरों की तलाशी ली गई। लॉज में पकड़े गए संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों की न केवल आईडी चेक की बल्कि उनके नाम व पते भी रजिस्टर में दर्ज किए। एसपी सिटी ने बताया कि सभी लॉजों में औचक चेकिंग की जाएगी।

सीओ कर्नलगंज श्रीशचंद्र और सीओ कोतवाली रत्नेश सिंह ने रविवार दोपहर नेताराम चौराहे के पास अहमद लॉज में छापेमारी की। इस दौरान लॉज में खलबली मची रही। पैरामिलिट्री देखकर छात्र भी सकते में आ गए। पुलिस ने पहली बार प्राइवेट लॉजों में गहन पड़ताल की। रूम नंबर दो में दो संदिग्ध युवक मिले जिनके पास कोई आईडी नहीं थी। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की, हालांकि बाद में उसके परिजनों के आने पर छोड़ दिया। वहीं एक कमरे में किराए पर रहने वाले डॉ. बहाल अहमद और डॉ. मो. शोएब मिले जो किराया कम होने के कारण लॉज में रहते हैं। इसके बाद पुलिस ने यादव लॉज में चेकिंग की। वहां भी कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। आखिर में पुलिस ने अच्छे लॉज में गहन जांच की। पुलिस को सूचना मिली थी कि अच्छे लॉज में कुछ अराजकतत्व रहते हैं जो कई बार बमबाजी व फायरिंग में शामिल रहे हैं। हालांकि पुलिस की छापेमारी में कोई संदिग्ध पकड़ा नहीं गया। कुछ कमरों में ताला बंद था। पुलिस ने प्राइवेट लॉज होने के कारण कमरों का ताला नहीं तोड़ा। सीओ श्रीशचंद्र ने बताया कि किसी ने किराए पर रहने वाले छात्रों का सत्यापन नहीं कराया है। सभी को नोटिस दी जाएगी।

रविवार को कटरा के अच्छे लाज में चेकिंग करता सीआरपीएफ जवान।

सख्ती

- पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ लॉजों में गहन पड़ताल की
- संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने की पूछताछ

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।